## खबर संक्षेप



### विजेता और उपविजेता टीम व खिलाड़ियों को किया गया पुरस्कृत

**ढीमरखेड़ा।** श्याम सुंदर महाविद्यालय खितौला खेल मैदान में आयोजित लैदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में जबलपुर को हराकर उमरियापान की टीम ने ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया है। आयोजन समिति ने विजेता और उपविजेता टीम को ट्रॉफी सहित नगद राशि से पुरूस्कृत किया है। क्रिकेट प्रतियोगिता का फाईनल मुकाबला नर्मदा क्लब जबलपुर और वायसीसी उमरियापान के बीच खेला गया। उमरियापान ने टॉस जीता और पहले फील्डिंग किया। बल्लेबाजी करते हुए जबलपुर की टीम के सभी खिलाड़ी आउट होकर 131 रन बनायें। लक्ष्य का पीछा करने उतरी उमरियापान की टीम ने 13 ओवरों में ही 7 विकेट खोकर मैच जीतकर ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया। क्रिकेट मैच में उमरियापान के खिलाड़ी प्रहलाद सिंह मैन ऑफ द मैच,गुलशन सहजवानी मैन ऑफ द मैच रहे। बेस्ट बॉलर मयूर,बेस्ट बैट्समैन प्रशांत चौरसिया जबकि बेस्ट फील्डर रितिक चौरसिया रहे। इन सभी खिलाड़यिों को भी पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में खेल प्रेमियों की उपस्थिति रही।

### द्वारका भवन कल होगा संवेदीकरण कार्यक्रम

**कटनी।** पंचायत पदाधिकारियों का एक दिवसीय संवेदीकरण कार्यक्रम मंगलवार 30 जनवरी को प्रातः 11बजे से द्वारका भवन कटनी में आयोजित होगा। आयोजित कार्यक्रम में प्रत्येक जनपद पंचायत से 20 सरपंच, 20 सचिवों और दो प्रशिक्षणार्थियों को प्रतिभागियों के रूप में नामांकित किए जाने के निर्देश जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को दिए हैं। सीईओ श्री गेमावत ने बताया कि प्रशिक्षण की समस्त गतिविधियों के लिए जनपद पंचायत स्तर पर सभी खंड पंचायत अधिकारियों को नोडल अधिकारी बनाया गया है। जनपद पंचायत स्तर से दो प्रशिक्षणार्थी (बीपीओ, एपीओ ,बी सी और समग्र अधिकारी) को प्रशिक्षण में भेजे जाने हेतु निर्देश दिए गए हैं और प्रतिभागियों को समय पर सूचित किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

### मशीनें मुक्त करने की कार्यवाही के निर्देश

**कटनी।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन 2023 - निर्वाचन याचिका से मुक्त ईव्हीएम मशीनों (बैलेट यूनिट एवं कंट्रोल यूनिट) को कृषि उपज मंडी स्थित स्ट्रांग रूम से जिला निर्वाचन कार्यालय (सामान्य निर्वाचन) में स्थित वेयर हाउस में लाया जाना है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अवि प्रसाद के निर्देश पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती साधना परस्ते द्वारा अनुविभागीय अधिकारी, एवं नोडल अधिकारी परिवहन, को 30 जनवरी को प्रातः 10 बजे चार ट्रक 16 चक्के वाले बड़े वाहन कृषि उपज मंडी स्थित स्ट्रांग रूम में उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया है।

### कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रशस्ति पत्र



**ढीमरखेड़ा।** आत्मा परियोजना अंतर्गत कृषि क्षेत्र में जिला स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने पर ढीमरखेड़ा विकासखंड के कटरिया निवासी किसान ओमप्रकाश शुक्ला को कलेक्टर अवि प्रसाद ने प्रशस्ति पत्र प्रदाय किया गया।गणतंत्र दिवस के मौके पर जिला प्रशासन द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान किसान को सर्वोत्तम कृषक पुरुस्कार हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदाय कर सम्मानित किया गया।

### पुणे दानापुर एक्सप्रेस में 3 युवकों ने मिलकर लूट की वारदात को दिया था अंजाम

# जीआरपी ने दो शातिर बदमाशों को किया गिरफ्तार, दो बाइकें बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जीआरपी ने दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। बदमाशों के पास से दो मोटर साइकिल भी बरामद की गई है। गौरतलब है कि चोरी व लूट की घटनाओ की रोकथाम एव पतासाजी हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में जीआरपी द्वारा थाना प्रभारी निरी.अरूणा वाहने के निर्देशन में विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

जानकारी देते हुए जीआरपी थाना प्रभारी अरुणा वाहने ने बताया कि यात्री ट्रेनों में यात्रा के दौरान कटनी स्टेशन के आसपास होने वाली मोबाइल लूट की घटनाओं को रोकने के लिए रेल पुलिस अधीक्षक सुश्री सिमाला प्रसाद, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मंसूरी, उप पुलिसअधीक्षक सारिका पांडे के द्वारा टीम गठित कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए थे। गत 23 जनवरी को पुणे दानापुर एक्सप्रेस में यात्रा कर रहे प्रयागराज शंकरगढ़



निवासी अमित यादव के साथ कुठला थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले रोहरी रेल ब्रिज के पास कुछ युवकों ने मोबाइल लूट की घटना को अंजाम दिया था।

उक्त मामले में आरोपियों की तलाश करते हुए रेल पुलिस के द्वारा खिरहनी फाटक निवासी 22 वर्षीय अभिषेक पिता सत्यनारायण निषाद, आधार कार्ड आप नई बस्ती निवासी 19 वर्षीय अजय उर्फ अंजना पिता सुरेश निषाद सहित एक अन्य नाबालिक आरोपी को पकड़ा गया। पकड़े गए तीनों आरोपियों ने पुणे दानापुर एक्सप्रेस में मोबाइल लूट की घटना को अंजाम दिया था। जीआरपी थाना प्रभारी श्रीमती वाहने ने बताया कि उक्त गैंग का लीडर और घटना का मुख्य आरोपी अभिषेक निषाद शातिर अपराधी है इसके खिलाफ जीआरपी थाने में पहले से ही लूट की घटनाएं दर्ज हैं। तीनों आरोपी मोबाइल लूट की घटना को अंजाम देने के बाद बाइक क्रमांक एमपी 21 एमआर 0822 एवं बाइक क्रमांक एमपी 21 एमजे 6113 से भाग निकले थे। लूट की घटना को अंजाम देने में प्रयुक्त हुई बाइक को जप्त कर लिया गया है। पकड़े गए तीनों आरोपियों के पास से लगभग 3 लाख का सामान जप्त किया गया है।

उक्त कार्यवाही में जीआरपी थाना प्रभारी अरुणा वाहने के अलावा उप निरीक्षक अजय सिंह, एएसआई एलपी झरिया, प्रधान आरक्षक मनोज मिश्रा, रघुराज सिंह परमार, आरक्षक प्रवीण तिवारी, बैरिस्टर, सलमान, ओंकार, नवाब, शोएब, सुनील के साथ ही आरपीएफ के जवान अजीत यादव एवं उनके साथी ने प्रमुख भूमिका निभाई।

## राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत कुष्ठ निवारण दिवस 30 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कुष्ठ निवारण दिवस राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत 30 जनवरी को कुष्ठ निवारण दिवस के रूप में मनाया जाता है। जिसमे महात्मा गाँधी के द्वारा कुष्ठ रोगियों की सेवा के माध्यम से यह संदेश समाज में देने का प्रयास है कि कुष्ठ रोग के प्रति समाज में जो भ्रम, भय, भान्ति, भेदभाव व्याप्त है वह निराधार है।

कुष्ठ एक साधारण बीमारी है जो जीवाणु से होता है। अन्य किसी कारण से नहीं कुष्ठ खान पान या छुआछूत से नहीं होता पाप श्राप से नहीं होता कुष्ठ रोग जीवाणु से होने वाली बीमारी है जिसमे चमड़ी के रंग से फीके हल्के बदरंग, पीले या गुलाबी रंग के एक या अनेक दाग होते है। इन दागो में न दर्द होता है न चुभन, न ठंडा लगता है न गरम, ये दाग सूखे सुन्न हो जाते है । किसी - किसी की चमड़ी पर विशेषकर चेहरे पर व अन्य भागो पर तामिया तेलिया चमक, गाठे मोटापन सा लगता है, किसी - किसी को हाथ पैरों में झुनझुनी और सुन्नपन, सूखापन, मोटापन सा लगता है। किसी- किसी को सतही तंत्रिका में मोटापन, सूजन हो जाती है य टटोलने पर उसमे दर्द होता है तो कुष्ठ रोग हो सकता है।

कुष्ठ रोग एक साधारण बीमारी है जो बैक्टीरिया से फैलता है अन्य किसी कारण से नहीं एव समय पर एम.डी.टी. का उपचार लेने पर बिकृति आने की संभावनाये नहीं रह जाती यह एम.डी.टी. की दवाये सभी शासकीय स्वास्थ्य केंद्र पर निःशुल्क प्रदान की जाती है। कुष्ठ रोग के लक्षण जैसे चमड़ी के रंग से फीके, बदरंग, या गुलाबी एक या अनेक दाग का होना और इन दागो में न दर्द होता है न चुभन, न ठंडा लगता है, न गरम इन दागो में सुन्नपन व सूखापन सा लगता हो, उन दागो में पसीना न आता हो, चेहरे पर तेलिया, तामिया चमक हो, कानो में गठान मोटापन सा हो, सतही तत्रिका (नर्व) में सूजन मोटापन सा हो व टटोलने से उसमे दर्द होता हो जलने पर पता न चलता हो पैर के तलवे में घाव हो जाये और घाव भरता न हो हाथो की उंगलियों की पकड़ कमजोर हो जाये, हाथ पैरो में सुन्नपन व सूखापन सा लगता हो तो कुष्ठ रोग हो सकता है। चूकी इस रोग में प्रारंभिक अवस्था में कोई परेशानी नहीं होती इसलिए लोग अपनी जाँच कराने नहीं आते और अपनी बीमारी को लोगो से नहीं बताते जिससे बीमारी बढती जाती है।

## गणतंत्र दिवस पर ढीमरखेड़ा क्षेत्र में आन बान शान से लहराया तिरंगा

*विद्यालयों में छात्र छात्राओं ने दी मोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां*

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

ढीमरखेड़ा क्षेत्र मैं आन बान शान के साथ गणतंत्र दिवस के अवसर पर समूचे क्षेत्र में भारत का राष्ट्रीय ध्वज को फहराकर गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर शहीदों को याद किया गया एवं डॉ बाबासाहेब को भी सलामी देते हुए भारत के संविधान की विशेषताओं को ताज कर गणतंत्र दिवस मनाया गया। शासकीय एवं अशासकीय कार्यालय में ध्वजारोहणकर अमर शहीदों को याद किया गया ग्रामीण अंचलों में भी गणतंत्र दिवस मनाया गया।

जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा प्रांगण पर जनपद अध्यक्ष सुनीता संतोष दुबे के द्वारा ध्वजारोहण किया गया कार्यक्रम में मौजूद जनपद



उपाध्यक्ष दुर्गा पारस पटेल जनपद पंचायत सीईओ यजुवेंद्र कोरी सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी मरावी उप यंत्री मनीष हालदार उप यंत्री ओम प्रकाश गुप्ता पंकज शुक्ला, परिहारजी, संतोष पाठक एवं समस्त जनपद पंचायत कर्मचारी मौजूद रहे।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ढीमरखेड़ा में संकुल प्राचार्य गोमती वन के द्वारा विद्यालय प्रांगण पर ध्वजारोहण किया गया एवं छात्र-छात्राओं के द्वारा के द्वारा विद्यालय से बस स्टैंड ढीमरखेड़ा तक प्रभात फेरी निकाली गई और अमर शहीदों के जयकारे लगाए गए स्वतंत्रता सेनानियों को भी याद किया गया सुभाष चंद्र बोस अमर रहे किनारे लगाते हुए नगर भ्रमण करते हुए विद्यालय पहुंचकर संस्कृत कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं के द्वारा भाषण गीत नृत्य एवं नाटकों की मनमोहक प्रस्तुति प्रस्तुत की गई एवं उपस्थित नगरों के द्वारा छात्र-छात्राओं को उचित पुरस्कार भी वितरण किया गया। मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल में प्राचार्य राममिलन के द्वारा ध्वजारोहण किया गया थाना प्रांगण पर थाना प्रभारी मोहम्मद शाहिद खान के द्वारा ध्वजारोहण कर स्टाफ के साथ राष्ट्रीय तिरंगे झंडे को सलामी दी गई झिन्ना पिपरिया हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य जय सिंह बडकडे के द्वारा शाला परिसर पर ध्वजारोहण किया गया कोठी हाई स्कूल मैं बीरन सिह के द्वारा ध्वजारोहण किया गया

## 316 नेत्ररोगियों को ऑपरेशन के लिए भेजा चित्रकूट



बरही नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष के स्मृति में परिवार की ओर से भव्य नेत्र शिविर का आयोजन रविवार को नया बस स्टैंड बरही में किया गया जिसमें 895 लोगों ने रजिस्ट्रेशन करवाया 316 मरीजों को ऑपरेशन हेतु चित्रकूट बसों के माध्यम से भेजवाया गया 579 लोगों को दवाइयां एवं चश्मा वितरित किया गया अजय बाला प्रसाद वर्मा द्वारा बताया गया कि हमारे पापा यानी नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय बाला प्रसाद वर्मा जी के द्वारा विशाल नेत्र शिविर का आयोजन किया जाता रहा है अब उनके याद में हमारा वर्मा परिवार यह विशाल नेत्र शिविर का दूसरा आयोजन है यह विशाल नेत्र शिविर आयोजक समस्त पूज्यनीय, व्यापारियों अग्रज, अनुज मित्रों सहयोगियों पत्रकारों एवं नगर वासियों के सहयोग से इस वर्ष सारे रिकॉर्ड को तोड़ते हुए आभूतपूर्व शिविर की सफलता हेतु सभी को अजय वर्मा का परिवार आभार व्यक्त किये है।

## सामुदायिक स्वास्थ्य भवन की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विधानसभा बहोरीबंद की तहसील स्लीमनाबाद के नागरिकों के लिए रविवार का दिन अपार खुशियों भरा रहा। खजुराहो सांसद व्ही.डी शर्मा द्वारा रविवार को स्लीमनाबाद में 5 करोड 73 लाख की लागत से निर्मित 30 बिस्तरों वाले आधुनिक सामुदायिक स्वास्थ्य भवन का लोकार्पण किया गया। इस दौरान विधायक विजयराघवगढ़ संजय सत्येन्द्र पाठक, विधायक बहोरीबंद श्री प्रणय प्रभात पाण्डेय सहित कलेक्टर अवि प्रसाद और पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन, जिला पंचायत सी.ई.ओ शिशिर गेमावत, भाजपा जिलाध्यक्ष एवं जिला योजना समिति सदस्य दीपक टंडन सोनी मौजूद रहे।

लोकार्पण समारोह के अवसर



पर श्री शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि शासन द्वारा निरंतर प्रयास किये जा रहे है कि किसी भी गरीब को अब पैसों के अभाव में अपना इलज कराने से वंचित नहीं होना पडेगा। प्रत्येक गरीब व्यक्ति अपना बेहतर से बेहतर इलाज करा सके इस हेतु सरकार द्वारा विभिन्न योजनांए प्रारंभ की गई है।आयुष्मान भारत योजना के तहत प्रदान किये गए आयुष्मान कार्ड से 5 लाख रूपये तक का इलाज निःशुल्क हो रहा है। इन शासकीय योजनाओं के माध्यम से अब गरीब व्यक्ति अपना अच्छे से अच्छा उपचार आसानी से करा रहा है, पैसों के अभाव में उसे भटकना नहीं पड रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकास कार्यो का सिलसिला जारी है। शासन द्वारा गरीब के जीवन बदलनें के साथ उन्हें बेहतर सुविधांए मुहैया कराने का कार्य निरंतर जारी है।

## दिल्ली पब्लिक स्कूल में जूनियर्स द्वारा सीनियर्स विद्यार्थियों को दी गई विदाई

*छात्र छात्राओं द्वारा दी गई नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति*

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

डीपीएस कटनी में कक्षा बारहवीं के छात्र- छात्राओं हेतु समावर्तन संस्कार हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस क्रम में पहले कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों द्वारा ढोल नगाड़ों के साथ 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों की आगवानी कर गर्मजोशी के साथ उनका स्वागत किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती का पूजन अर्चन कर किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के शाखा निर्देशक अनुराग जैन प्रबंध निदेशिका श्रीमती जूही जैन विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती सीमा दुबे, उपप्राचार्या श्रीमती शबनम अख्तर की उपस्थिति गरिमामयी थी।



कार्यक्रम की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए जूनियर्स ने कार्ड एवं पुष्प गुच्छ अर्पित कर सीनियर्स का स्वागत किया। समापवर्तन समारोह को और विशेष बनाने के लिए सीनियर्स को कुछ टास्क दिए गए साथ ही रैम्प वॉक भी करवाया गया। कार्यक्रम में तब और चार चाँद लग गए जब बारी - बारी से ग्यारहवीं के छात्र- छात्रासों दूवारा नृत्य की प्रस्तुति दी गई। सभी सीनियर्स ने मनमोहक नृत्य एवं इस कार्यक्रम का भरपूर लुत्फ उठाया। इसी क्रम में 9 अलग- अलग कैटेगिरी के अंतर्गत सीनियर्स को रखकर पुरस्कार भी प्रदान किए गए जिनमें - मिस चार्मिंग - श्रेया यादव, मिस्टर चार्मिग - तनिष्क द्विवेदी बेस्ट अटायर इन गर्ल्स एवं बॉइस-शैली राव, ऋतिक राजा बेस्ट स्माइल इन गर्ल्स एण्ड वॉइस सुप्रिया झा, शिवेंद्र सिंह सिसोदिया, मिस फेयरवल, मास्टर फेयवल- प्रूथा परखी, साहेब गलानी, फोटे जेनिक फेस इन गर्ल्स एण्ड बॉयस- अंशिता बारीक, यश कलवानी, मिस डीपीएस. मास्टर डी.पी.एस.- श्रस्ती गुप्ता, अर्नव जैन बेस्ट वॉक इन गर्ल्स एंड बॉयज- शिवांशु तिवारी, रिमझिम संघटानी बेस्ट पर्सनैलिटी इन गर्ल्स एण्ड बायस - हूर शमा अहमद, शूजल वंशकार तथा स्टूडेंट ऑफ द ईयर का पुरस्कार सायना खान को मिला।

इस कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका - नीलम पाल, मेघा घनशनी, दिव्या मिस ने निभाई। कार्यक्रम के अंत में वर्ष 2023-24- अकादमिक पुरस्कारों की घोषणा भी की गई।

### एक करोड़ 83 लाख से मसुरहा घाट व मोहन घाट का होगा जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण

# शहर विकास के लिये 4 करोड 65 लाख के विकास कार्यों का सांसद, महापौर ने किया भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत महापौर श्रीमति प्रीति संजीव सूरी द्वारा भाजपा शासन की योजना अंतर्गत शहर के सौंदर्यीकरण एवं नदी तटों के जीर्णोद्धार के लिये रविवार को जिला चिकित्सालय के समीप चौपाटी में 4 करोड़ 65 लाख के विकास कार्यों का महापौर श्रीमति प्रीति संजीव सूरी ने खजुराहो संसदीय क्षेत्र के सांसद एवं भाजपा जिलाध्यक्ष वीडी शर्मा से विधि विधान से मंत्रोच्चारण के साथ भूमि पूजन कराया।भूमि पूजन में सांसद शर्मा के साथ श्रीमति प्रीति संजीव सूरी निगम अध्यक्ष मनीष पाठक सहित जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी रही।

### रिंग रोड निर्माण के प्रयास

भूमि पूजन समारोह में खजुराहो संसदीय क्षेत्र के सांसद श्री शर्मा ने महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि कटनी जब से जिला बना है भाजपा की सरकार में सभी ने मिलकर कई आयामों में विकास को गति दी है उन्होंने कहा कि कटनी के सर्वांगीण विकास के लिए वे निरंतर प्रयासरत हैं स्वच्छता के क्षेत्र में कटनी को नंबर वन की श्रेणी में लाने के लिए जन जागरूकता के साथ निगम प्रशासन द्वारा प्रयास किए जाएं।। सांसद श्री शर्मा ने कहा कि कटनी शहर को बेहतर शहर की श्रेणी में लाने के लिए रिंग रोड निर्माण के लिए प्रयास किए जा रहे हैं सांसद श्री शर्मा ने कहा कि कटनी जिला रेवेन्यू में प्रमुख जिला माना जाता है कटनी के तीनों रेलवे स्टेशनों के विकास के लिए उन्होंने रेल मंत्री से बात करके स्टेशनों लिए विकास का मार्ग खोला है तथा रेलवे स्टेशन भारत के चयनित रेलवे स्टेशनों में गिना जाता है।

सांसद श्री शर्मा ने कहा कि फारेस्ट प्लेग्राऊण्ड उनके प्रयासों से निर्माणाधीन है शहर के खिलाडियों को एक सुव्यवस्थित



खेल मैदान तैयार किया जा रहा है।

### स्टापडेम निर्माण से पेयजल संकट से मिलेगी राहत-महापौर

भूमि पूजन समारोह में महापौर श्रीमति प्रीति संजीव सूरी ने कहा कि सांसद श्री वीडी शर्मा जी ने कटनी के विकास के लिये जो वादा किया उसे निभाया है आज 4 करोड 65 लाख की लागत से विकास कार्यों का भूमि पूजन का शुभमुहूर्त है। सांसद जी को अवगत कराना चाहती हूं कि आपके अपार अभूतपूर्व सहयोग से कटनी में चौपाटी का नवीनीकरण कार्य एवं सुव्यवस्थित पार्किंग विकास कार्य के लिये 2 करोड 52 लाख 20 हजार की राशि व्यय की जायेगी।

मसुरहाघाट के जीणोद्धार सौंदर्यीकरण कार्य के लिये 1 करोड 08 लाख 03हजार की धनराशि खर्च की जायेगी। मोहनघाट का जीर्णोद्धार सौंदर्यीकरण कार्य 75 लाख .41 हजार की लागत से किया जायेगा।

तिलक राष्ट्रीय स्कूल के पीछे 10 लाख की लागत से बाऊंड्री वाल निर्मित की जायेगी।। भाजपा शासन में कटनी नगर में विकास कार्य के लिये आशानुरूप और जनहितैषी के कार्य कराये गये है।।।विकास कार्य योजना अंतर्गत मोहन घाट का जीर्णोद्धार अमृत योजना अंतर्गत मसुरहा घाट का जीर्णोद्धार कराया जा रहा है आपका कटनी नगर के प्रति अपार स्नेह रहा है आपके सहयोग से मुझे पूर्ण विश्वास है कटनी विकसित स्मार्ट शहर बन जायेगा।

सांसद श्री शर्मा को मैं शहर की जनता की तरफ से एक निवेदन करते हुये अवगत कराना चाहती हूं कि भीषण गर्मी में शहर को पेयजल संकट का सामना करना पडता है।

नहर निर्माण कार्य में विलम्ब होने से अतिरिक्त पेयजल स्त्रोत उपलब्धता को दृष्टिगत रखते हुए स्टापडेम निर्मित किए जाने से कटनी नगर की जनता को लगभग एक माह अतिरिक्त पेयजल उपलब्ध होगा ।।इसके लिए नगर निगम कटनी द्वारा अनुमानित प्राक्कलन तैयार किया गया है जिसमें अनुमानित लागत राशि 7 करोड़ का व्यय होना संभावित है अतः माननीय सांसद जी से अनुरोध है कि उक्त कार्य के क्रियान्वयन से एवं राशि 7 करोड़ का शासन स्तर से अनुदान प्रदान करने से कटनी नगर की जनता का पेयजल संकट का कष्ट दूर होगा।।मैं जनता की तरफ से अपेक्षा करती हूं कटनी शहर को आपने विकास में अतुलनीय योगदान दिया है यह अपेक्षा भी जनता की अधूरी नही छोडेगे।।

इस अवसर पर पार्षद सीमा श्रीवास्तव शकुंतला सोनी रेखा तिवारी प्रभा गुप्ता सुमित्रा रावत सुशीला विनोद यादव उमेन्द्र अहिरवार सुखदेव चौधरी सुरेन्द्र गुप्ता, देवी दास सोनी आदि की उपस्थिति रही।

## खबर संक्षेप

### ईवीएम मशीनों की एफएलसी की कार्यवाही हेतु ड्यूटी आदेश जारी

**कटनी।** अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती साधना परस्ते द्वारा जिला निर्वाचन कार्यालय, निर्वाचन सदन, कलेक्टर कार्यालय के पीछे, स्थित ईवीएम वेयर हाउस में 29 जनवरी को प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होने वाले ईवीएम मशीनों की एफ एल सी की कार्यवाही हेतु जिले के 24 शासकीय सेवकों की ड्यूटी आदेश जारी कर कार्य समाप्ति तक तत्काल प्रभाव से ड्यूटी लगायी गई है। उल्लेखनीय है की लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु जिले में उपलब्ध ईवीएम मशीनों की एफएलसी (प्रथम स्तरीय चौकिंग) बेल बेंगलुरू के इंजीनियर्स द्वारा 29 जनवरी से प्रारम्भ की जाकर प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से एफएलसी कार्य समाप्ति तक प्रकियाधीन रहेगी।

### सशस्त्र पुलिस बल उपलब्ध कराने पुलिस अधीक्षक को लिखा पत्र

**कटनी।** अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा पुलिस अधीक्षक को पत्र प्रेषित कर आयोग के निर्देशानुसार ईवीएम मशीनों की एफएलसी के दौरान जिला निर्वाचन कार्यालय, निर्वाचन सदन, कलेक्टर कार्यालय के पीछे स्थित ईवीएम वेयर हाउस में 29 जनवरी को प्रातः 10 बजे से कार्य समाप्ति तक सशस्त्र पुलिस बल उपलब्ध कराने का लेख किया है। विदित हो की आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु जिले में उपलब्ध ईवीएम मशीनों की एफएलसी (प्रथम स्तरीय चौकिंग) बेल बेंगलुरू के इंजीनियर्स द्वारा 29 जनवरी से प्रारम्भ की जा रही है यह कार्य प्रतिदिन प्रातः11 बजे से एफएलसी कार्य समाप्ति तक प्रकियाधीन रहेगी।

### एफएलसी कार्यवाही की वेबकास्टिंग के निर्देश

**कटनी।** अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती साधना परस्ते ने अनुविभागीय अधिकारी दूरभाष बीएसएनएल को ईवीएम की एफएलसी कार्यवाही की वेबकास्टिंग का कार्य विभाग के माध्यम से ईवीएम वेयरहाउस में 05 कैमरा स्थापित कर कराये जाने के निर्देश दिए है। विदित हो की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी भोपाल द्वारा आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु 29 जनवरी को प्रातः 11 बजे से प्रारम्भ होने वाली ईवीएम की एफएलसी कार्यवाही के वेब कास्टिंग दूरभाष बीएसएनएल विभाग के माध्यम से ईवीएम वेयर हाउस में 05 कैमरा स्थापित कर कराये जाने के निर्देश प्राप्त हुए हैं।

### हाई एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा सबंधी बैठक में दिये जानकारी

**कटनी।** कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देशन एवं जिला शिक्षा अधिकारी पी पी सिंह के मार्गदर्शन में शनिवार को हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा 2024 हेतु शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय माधवनगर कटनी में परीक्षा केंद्राध्यक्ष और सहायक केंद्राध्यक्ष की बैठक संपन्न हुई। बैठक में परीक्षा के दौरान ऐप संचालन के संबंध में प्रशिक्षित विशेषज्ञ द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जाकर सभी को मंडल परीक्षा के निर्देशों से अवगत कराया गया।

### पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति के लिए लिंक खुली

**कटनी।** सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण ने बताया कि पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2022- 23 के वे छात्र जो पूर्व में किसी कारणवश शैक्षणिक 2022-23 के नवीन एवं नवीनकरण आवेदन करने से वंचित रह गए उनके लिए एम.पी.टी.ए.एस.एस पोर्टल पर 25 जनवरी 2024 तक ऑनलाईन आवेदन किये जाने हेतु पोर्टल खोला गया है। इसी तरह पिछडा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना एम.पी.टी.ए.एस.एस पोर्टल पर शैक्षणिक सत्र 2023-24 हेतु 25 जनवरी से 25 फरवरी 2024 तक के लिए ऑनलाईन आवेदन करने हेतु एम.पी.टास पोर्टल पर लिंक खोली गई है। साथ ही एन.आई.सी 20 पोर्टल शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए नवीनीकरण आवेदनों हेतु पोर्टल खोला गया है।

---

विधानसभा प्रश्नों के बिंदुवार उत्तर समय सीमा में करें प्रस्तुत, समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

# मिशन मोड में करें कार्य, गुणवत्ता की अनदेखी पर होगी वसूली की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



विधानसभा प्रश्नों की बिंदुवार जानकारी समय सीमा में प्रस्तुत करें, सीएम हेल्पलाइन और अन्य प्रकार की शिकायतों का संतुष्टि पूर्ण निराकरण आवेदकों से संवाद कर स्थल निरीक्षण के उपरांत करें। महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत नियत समय सीमा में लक्ष्य के विरुद्ध मानव दिवस अर्जित कर श्रमिक नियोजन में वृद्धि करें और आधार आधारित भुगतान में प्रगति लाएं। इस आशय के निर्देश जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभाकक्ष में आयोजित पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक में जनपद पंचायतों के सीईओ और तकनीकी अधिकारियों को दिए।

### ढीमरखेड़ा की हुई सराहना

मनरेगा कार्यो की समीक्षा के दौरान जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा में श्रमिक नियोजन और मानव दिवस के सृजन में लक्ष्य पूर्ति शत प्रतिशत होने पर जिला पंचायत सीईओ श्री गेमावत ने सराहना की और अन्य जनपद पंचायतों में भी लक्ष्य के अनुरूप मानव दिवस सृजित करने के निर्देश दिए।

### अधूरे और अपूर्ण निर्माण कार्यों में प्रगति लाने करें कार्य

जिला पंचायत सीईओ श्री गेमावत ने विभागीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए वर्ष 2021-22 से अब तक के 15 वित्त और मनरेगा कार्यो के अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्य, पुष्कर धरोहर अंतर्गत निर्मित तालाबों की उपयंत्री सेक्टर वार विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि अधूरे और अपूर्ण कार्यों को मिशन मोड में कार्य करते हुए गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराएं। गुणवत्ता की अनदेखी पाई जाने पर संबंधितों से वसूली की कार्रवाई होगी।

देर शाम तक चली मैराथन समीक्षा बैठक में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन यंत्री गौरीशंकर खटीक, परियोजना अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह, ऋषिराज चढ़ार ,सहायक परियोजना अधिकारी विजयलक्ष्मी मरावी, मृगेंद्र सिंह, जनपद पंचायतों के सीईओ, सहायक यंत्री, उपयंत्री,एपीओ मनरेगा और अन्य अधिकारी कर्मचारियों की मौजूदगी रही।

---



## श्रीराम महायज्ञ की तैयारियां प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान

प्राचीन बावली हनुमान मंदिर उमरियापान में 1 फरवरी से श्रीराम महायज्ञ एवं वाल्मिकी परायण का आयोजन किया जाएगा। जिसकी जोर शोर से तैयारियाँ की जा रही है। आयोजन समिति ने बताया यज्ञाचार्य ज्ञानजी महाराज बडीपोड़ी के मार्गदर्शन में यज्ञ होगा।

1 फरवरी को कलश शोभायात्रा, 2 फरवरी पंचांग पूजन व मंडप प्रवेश, 3 फरवरी को अग्नि प्राकट्य होगा। 9 फरवरी को पूर्णाहुति एवं 10 फरवरी को विशाल भंडारे के साथ यज्ञ का समापन होगा। आयोजन समिति ने धर्मप्रिय जनता से पहुँचकर पुण्यलाभ लेने की अपील की है।

## उत्कृष्ट कार्य के लिए खण्ड लेखक सम्मानित

**बड़वारा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद द्वारा 14 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष में निर्वाचन में उत्कृष्ट कार्य करने पर कटनी जिले से के .पी. गोस्वामी खंड लेखक तहसील कार्यालय बड़वारा को उत्कृष्ट शासकीय सेवक के रूप में अवार्ड से पुरस्कृत किया गया एवं शासकीय तिलक महाविद्यालय कटनी में जिला स्तरीय आयोजित कार्यक्रम में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। खण्ड लेखक गोस्वामी को कलेक्टर द्वारा सम्मानित किए जाने पर बड़वारा तहसील के स्टाफ ने शुभकामनाएं प्रेषित की है एवम हर्ष व्यक्त किया है। के पी गोस्वामी के शुभचिन्तकों में हर्ष व्याप्त है।



---

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व्हीडी शर्मा ने किया केन्द्र का शुभारंभ

# भाजपा का संवाद केंद्र जनता के लिए लाभकारी योजनाओं का सेतु बनेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



भाजपा का संवाद केंद्र जनता के लिए लाभकारी योजनाओं का सेतु बनेगा विष्णुदत्त शर्मा यह विचार रविवार को कटनी में भाजपा खजुराहो लोकसभा के संवाद केंद्र का शुभारंभ करते प्रदेशाध्यक्ष तथा सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने व्यक्त किये।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष शर्मा ने कहा कि बीते विधानसभा चुनाव में हमारे बूथ की कार्ययोजना ने जिस शक्ति के साथ कार्य करते हुए सफलता प्राप्त की उससे इस व्यवस्था का मजाक उड़ाने वाले राजनीतिक दल या फिर राजनीतिक पंडितों को करारा जवाब दिया। एक बार फिर हमारे बूथ के कार्यकर्ता के समक्ष लोकसभा चुनाव की चुनौती सामने है लेकिन कार्यकर्ता की ऊर्जा उत्साह संकल्प से 51 फीसदी वोट के साथ इस चुनाव में भी प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हम इतिहास रचेंगे।

उन्होंने कहा की 22 जनवरी को प्रधानमंत्री ने कहा कि 22 तारीख को देश के अमृतकाल की शुरुआत हुई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 2047 तक भारत विकसित देश की श्रेणी में खड़ा होगा आने वाले चुनाव देश को उस परम वैभव तक ले जाने वाले चुनाव हैं।

जिला कार्यालय पहुंचने पर भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी, जिला संगठन प्रभारी संजय साहू, विधायक संदीप जायसवाल, विधायक धीरेन्द्र सिंह, पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव सहित वरिष्ठ नेताओं ने स्वागत किया।

संवाद केंद्र कॉल सेंटर का फीता काटकर शुभारंभ किया गया यहां आईटी विभाग के कार्यकर्ताओं से प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने संवाद किया मौजूद युवक युवतियों से उन्होनें कहा कि हमारा उद्देश्य सरकारी योजनाओं का जनता को उचित लाभ समय पर प्राप्त हो और अगर नहीं हो रहा तो उसे जिम्मेदार व्यक्ति तक पहुंचाना देश और प्रदेश की सरकार की नीति रीति से आम जन को अवगत कराना मुख्य है इसके लिए सीधे केंद्रीय कार्यालय से मॉनिटरिंग की व्यवस्था की गई है।

---

## जिले भर में ग्राम सभाओं का हुआ आयोजन



कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर जिले भर की ग्राम पंचायतों में निर्धारित तिथियों 24 और 25 जनवरी तथा 27 और 28 जनवरी को ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया। स्थाई नियुक्त नोडल अधिकारियों की मौजूदगी में एजेंडा के अनुरूप आवश्यक कार्रवाई की गई। जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने समस्त ग्रामों में निर्धारित तारीखों में ग्राम सभाएं आयोजित करने हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए थे ताकि ग्रामीणों की अधिक से अधिक भागीदारी ग्राम सभाओं में हो सके। इसके लिए मुनादी कर व्यापक प्रचार-प्रसार करने हेतु भी निर्देशित किया था।

---

# श्रम अधिकारी की गतिविधियों के विरुद्ध बीएमएस ने सांसद को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



जिले के कारखानों में आये दिन हो रही मज़दूरों की मौतें, घटनाएँ और श्रम कानूनों के सरेआम उल्लघंन के बाद भी श्रम विभाग की उदासीनता को लेकर भारतीय मज़दूर संघ ने साँसद विष्णुदत्त शर्मा को ज्ञापन सौंपा। लेबर यूनियनों के गठन के खिलाफ भी श्रम अधिकारी की कारखानों के प्रबंधन से अच्छी खासी साँठगाँठ होने का भी आरोप संघ के अधिकारियों ने लगाया है।

भारतीय मज़दूर संघ के प्रदेश मंत्री कमलेश पटेल ने बताया कि विगत बीस दिन से भी अधिक समय बीतने के बाद भी लेबर अधिकारी के बी मिश्रा ने बड़वारा तहसील की अल्ट्राटेक और जे के प्लांट की लेबर यूनियनों के वेरिफिकेशन को होल्ड कर रखा है। जबकि इन दोनों यूनियनों के वेरिफिकेशन को शीघ्र करवाने का आदेश पंजीयक कार्यालय भोपाल से जारी किया जा चुका है। वेरिफिकेशन के लिए दोनों ही फैक्टरियों के कर्मचारी कई बार लेबर आफिसर से संपर्क कर चुके हैं किन्तु श्रम अधिकारी की उदासीनता के चलते यह काम ठंडे बस्ते में पड़ा है जिससे साफ जाहिर है कि जिला श्रम अधिकारी का झुकाव आखिर किस ओर अधिक है। वेरिफिकेशन के कार्य शीघ्र नहीं होने की स्थिति में बीएमएस के पदाधिकारियों ने श्रम अधिकारी के विरुद्ध आंदोलन करने की चेतावनी दी है। ज्ञापन के दौरान संघ के प्रदेश मंत्री कमलेश पटेल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

---

लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए 29 फरवरी तक चलेगा राजस्व महा अभियान

# राजस्व महाअभियान प्रगति की समीक्षा हेतु विभिन्न ग्रामों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर जिले में राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण और राजस्व अभिलेख में इंद्राज त्रुटियों को ठीक करने के साथ ही राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरण जैसे नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, अभिलेख दुरूस्ती इत्यादि का समय सीमा में निराकरण करने के मकसद से विगत 15 जनवरी से आगामी 29 फरवरी 2024 तक राजस्व महाअभियान चलाया जा रहा है।

जिले में आयोजित राजस्व महाअभियान के अंतर्गत अब तक हुई प्रगति की समीक्षा हेतु शनिवार को अपर कलेक्टर श्रीमती साधना परस्ते द्वारा तहसील कटनी नगर के ग्राम मझगवां पहुंचकर राजस्व महा-अभियान की समीक्षा की गई। इस दौरान ग्रामीणों के बीच पहुंचकर बी-1 वाचन कराया जाकर मौके पर ग्रामवासियों की स्थानीय समस्याओं को सुनते हुए निराकरण के आवश्यक निर्देश दिए गया।

### पटवारी को बी-1 वाचन के दिए निर्देश

अपर कलेक्टर श्रीमती साधना परस्ते द्वारा ग्राम कैलवारा खुर्द, पहरुआ , मझंगवा फाटक तहसील कटनी में राजस्व महा अभियान के तहत बी 1 वाचन का निरीक्षण किया गया। जिसमे ग्राम पहरूआ एवम मझगवा में बी 1 वाचन पटवारी के द्वारा किया जाना नही पाए जाने पर तत्काल बी 1 वाचन के निर्देश दिए गए। अपर कलेक्टर श्रीमती परस्ते द्वारा ग्रामीणों से संवाद कर उनकी राजस्व संबंधी समस्याओं से अवगत होते हुए उपस्थित अधिकारियों को शासन मंशानुरूप ग्रामों में शिविर का आयोजन कर नागरिकों के राजस्व संबंधी प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान अधीक्षक भू-अभिलेख, तहसीलदार एवम राजस्व निरीक्षक कटनी नगर उपस्थित रहे।

---

पंचायत कार्यालयों, विद्यालयों, शासकीय दफ्तरों में लहराया तिरंगा

# सिलौड़ी क्षेत्र में जगह जगह ध्वजारोहण कर दी गई सलामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



सिलौड़ी नगर समेत समूचे ग्रामीण अंचलों में हर्षोल्लाष के साथ गणतंत्र दिवस मनाया गया। ग्राम पंचायत खम्हरिया बागरी में सरपंच अनिल बागरी ,कछार गांव बड़ा में कैलाश चन्द्र जैन , अतरसूमा में सुशील परस्ते ,शासकीय महाविद्यालय सिलौडी प्राचार्य रतिराम अहिरवार ,पुलिस चौकी में प्रभारी सीताराम बागरी ने ध्वजारोहण किया । सिलौड़ी नगर में स्थित समस्त शासकीय अशासकीय कार्यालयों में देश की शान गर्व का प्रतीक राष्ट्र ध्वज फहराया गया। शासकीय कन्या माध्यमिक शाला में जिला पंचायत सदस्य कविता पंकज राय ने ध्वजारोहण किया

जय स्तम्भ में समाजसेवी रजनीकांत राय ,शंकर लाल राय ,सतेंद्र राय ,जिला पंचायत सदस्य कविता पंकज राय ,सरपंच पंचो संतोष कुमार ने ध्वजारोहण किया । इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष डॉ प्रशान्त राय ,मोती हल्दकार ,रिटायर्ड फौजी कमलेश राय ,दुखी लाल हल्दकार ,राजनारायण राय ,रजनीश सोनी ,विजय तिवारी सहित स्वतंत्रता सेनानी के उत्तराधिकारी की विशेष उपस्थित रही।

### ग्राम पंचायत सिलौड़ी

ग्राम के सरपंच पंचो संतोष कुमार ,उपसरपंच राहुल राय ,जिला पंचायत सदस्य कविता पंकज राय के द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया एवम राष्ट्रीय ध्वज को नमन किया गया । इस अवसर पर सचिव कुंज बीचपूर्व उपसरपंच प्रहलाद सेन ,कमलेश हल्दकार ,पंच पुनीत सेन ,पंच श्यामदत्त राय ,पंच राजेश राय ,पंच लक्ष्मी परमानंद हल्दकार ,पंच शांति रामफाल ,पंच अंजू संतोष वंशकार की उपस्थिति रही ।

सिलौडी के कछियाना मोहल्ले की आंगनवाड़ी में उपसरपंच राहुल राय ने ध्वजारोहण किया । सिलौड़ी के वार्ड 5 भारत नगर में उपसरपंच राहुल राय ,पंच अंजू संतोष वंशकार ने ध्वजारोहण किया । इस अवसर पर रोजगार सहायक अमरीश राय ,पंच राजेश राय ,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मीना महोबिया की उपस्थिति रही ।

### लिटिल मिलेनियम स्कूल

लिटिल मिलेनियम स्कूल में डायरेक्टर समाजसेवी पंकज राय, जिला पंचायत सदस्य कविता पंकज राय ने किया । नन्हे मुन्ने बच्चों ने बहुत बहुत सुंदर प्रस्तुति से मन मोह लिया ।

### संकुल केंद्र सिलौड़ी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संकुल केंद्र सिलौड़ी में जिला पंचायत सदस्य कविता पंकज राय ,सरपंच पंचो संतोष कुमार ,उपसरपंच राहुल राय के द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया एवम ध्वज वंदन कर ध्वज की सलामी ली गई। इस शुभ अवसर पर विद्यालय में अध्ययन रत छात्र छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के राष्ट्रीय गीत व देश भक्ति के गीतों की मनमोहनी प्रस्तुती पेश की जिसे उपस्थित जनसमुदाय के द्वारा सराहा गया। छात्र छात्राओं को उपहार प्रदान किये गए।

इस दौरान मंडल अध्यक्ष डॉ प्रशान्त राय , जनपद सदस्य प्रतिनिधि रवि अवस्थी , मोती हल्दकार ,पूर्व उपसरपंच बालमुकुंद चौबे ,पंच शिवकुमार पटेल ,प्राचार्य योगेश सिंह ,राजेन्द्र बागरी , रवि राय सहित विद्यालय का समूचा स्टाफ उपस्थित रहा।

कार्यक्रम का संचालन जनशिक्षक संतोष कुमार बर्मन ने किया। उपस्थित जनों को प्रसाद वितरण किया गया।

---



## दादर सिंहुंडी एवं घाना में आयोजित हुई विकसित भारत संकल्प यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

रविवार को जिल में जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा की ग्राम पंचायत दादर सिंहुडी एवं घाना में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा के दौरान आयोजित शिविरों में आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, सामाजिक सुरक्षा एवं वृद्धावस्था पेंशन योजना तथा बैंकों से जुड़ी प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री जन-धन योजना, अटल पेंशन योजना एवं अटल पेंशन योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जानकारी प्रदान की जाकर पात्र हितग्राहियों का पंजीयन कर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा लाभान्वित किये जाने की कार्यवाही की गई।

शिविरों के दौरान स्थानीय नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। प्रचार रथ से प्रधानमंत्री के सन्देश का प्रसारण किया गया। लोगों को भारत को विकसित बनाने का संकल्प भी दिलाया गया। केंद्र शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त कर चुके हितग्राहियों ने अपने अनुभव भी सुनाये।

**खबर संक्षेप**

## हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गणतंत्र दिवस समारोह

**पथरिया।** शासकीय नवीन प्राथमिक शाला सीएम राइज केंपस 2 में 75 वां गणतंत्र दिवस समारोह बड़े ही हर्षोल्लास पूर्वक संपन्न, सर्वप्रथम मुख्य अतिथि, गणमान्य नागरिक गणों एवं शिक्षकगण, छात्रों की उपस्थिति में राष्ट्रीय ध्वजारोहण मुख्य अतिथि ललित पटेल, संस्था प्रमुख कुंजीलाल पाली, बीसी अहिरवार, परसोत्तम खटीक द्वारा किया गया। भारत माता, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, डॉ.अंबेडकर जी के चित्रों पर पुष्प माला व तिलक लगाकर सादर वंदन किया। तत्पश्चात उपस्थित अतिथि गणों का संस्था प्रमुख द्वारा स्वागत किया। स्वागत उपरांत स्कूली छात्रों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति ने सभी लोगो का मन मोह लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ललित पटेल मंडल अध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि जगदीश पटेल, केशव पटेल अकादमिक समन्वयक, पुरूषोत्तम खटीक, नीरज पांडेय, केशवराम पाली, सविता काछी (एसएमसी) कार्यक्रम का संचालन भागचंद अहिरवार एवं अजय कोरी द्वारा किया। इस अवसर पर शाला के शिक्षकगण श्रीमती कुसुम खटीक,लक्ष्मण सिंह ठाकुर, सुदेश नायक,आनंद वैरागी, दीपक भारती, राजेश अहिरवार आदि रहे।

### पटेरा में आन बान शान से फहराया तिरंगा, कार्यालयों में हुआ ध्वजारोहण

# गणतंत्र दिवस पर जगह-जगह हुये विविध आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटेरा

नगर में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी 75वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। आन बान शान से सभी शासकीय अर्द्धशासकीय कार्यालयों व राजनीतिक कार्यालय में ध्वज वंदन किया गया एवं मिष्ठान वितरित किए। प्रमुख रूप से तहसील कार्यालय में तहसीलदार ने, पुलिस थाना में थाना प्रभारी ने, जनपद पंचायत कार्यालय में जनपद अध्यक्ष मल्लोबाई आदिवासी ने, पूर्व अध्यक्ष बद्री पटेल व प्रभारी पंचायत निरीक्षक अंगद सिंह सहित जनपद सदस्यों का जनपद क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों व कर्मचारियों की उपस्थिति में ध्वज फहराया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बीएमओ डॉक्टर ए के बरौनिया ने, महिला बाल विकास परियोजना में परियोजना अधिकारी श्री अठया ने, आजीविका मिशन कार्यालय में प्रभारी नजीब अहमद खान ने, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रभारी प्राचार्य जे एस अहिरवार ने, विकास खंड शिक्षा कार्यालय में संजय अग्रवाल ने, बीआरसी कार्यालय में स्त्रोत समन्वयक दिलीप उपाध्याय ने, मॉडल विद्यालय में उप प्राचार्य विवेक नेमा, अखिलेश शर्मा सहित स्टाफ की उपस्थिति में शासकीय बालक शाला कन्यशाला व सभी निजी संस्थानों मे ध्वजारोहण किया गया। राष्ट्रगान व सांस्कृतिक कार्यक्रम व मिष्ठान वितरण किया गया। नगर के गणमान्य नागरिकों व अधिकारियों ने सभी संस्थाओं में पहुंचकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

## सहकारी बैंक शाखा प्रबंधक ने किया ध्वजारोहण



**पटेरा।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित शाखा पटेरा में शाख प्रबंधक जितेन्द्र द्विवेदी ने ध्वज फहराया। इस अवसर पर सेवा सहकारी समिति में भी शाखा प्रबंधक श्री द्विवेदी ने ही ध्वज फहराया। इस अवसर पर समिति प्रंबधक राजेन्द्र दुबे, महेश ताम्रकार, नरेन्द्र बजाज, लटोरी चौरसिया, हरी सींग, मोहनलाल विश्वकर्मा, अभिषेक सोनी, जाहर सींग, रामलाल शिवम तिवारी, प्रवीण यादव, अमित जैन, दुर्गेश पटेल सहित सभी कर्मचारी व नगर के अनेक कृषक बंधु उपस्थित थे। सभी को मिष्ठान वितरण किया गया। कुण्डलपुर सेवा समिति में राजेन्द्र दुबे प्रबंधक नेहिनौती में प्रबंधक वीरेन्द्र दुबे ने, कुम्हारी में प्रबधंक आनंद जैन ने, पटेरिया सगोनी में प्रबंधक रिषी पौराणिक ने, सोजना में अभिषेक पाठक ने, रसोटा में किशुन प्यासी ने देवडोंगरा में प्रबंधक दिनेश खरे ने शिकारपुरा में प्रबंधक साविन्द सिंह ने पड़री सहजपुर में प्रबंधक रफीक खान ने कर्मचारियों की उपस्थिति में ध्वजारोहण कर मिष्ठान वितरण

## सिंग्रामपुर मे गणतंत्र दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया



सिंग्रामपुर। ग्राम सिंग्रामपुर मैं 26 जनवरी को 75 वां गणतंत्र दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया शासकीय भवनो पर ध्वजारोहण किया गया कार्यक्रम में शासकीय रानी दुर्गावती उच्चतर माध्यमिक शाला प्रांगण में प्राचार्य मनोज सैनी पुलिस चौकी प्रांगण में आलोक तिरपुडे, बालक छात्रावास अभिषेक ठाकुर, कन्या शाला स्कूल आनंद जैन, सोसाइटी प्रांगण में वीरेन्द शुक्ला, ग्राम पंचायत प्रांगण में सरपंच गुडिया अजय सोनकर, वनविभाग प्रांगण में आश्रय उपाध्याय, आदर्श स्कूल में योगेंद्र शुक्ला, क्योंस्क बैंक प्रांगण में मन्जू पटेल द्वारा ध्वजारोहण किया गया कार्यक्रम में बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए 12वीं प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा कृतिका जैन को गोलू साहू की तरफ से 3100 की नगद राशि और शील्ड वितरित कि गई कार्यक्रम के समापन पर प्रसाद वितरण किया गया।।

## कुम्हारी में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया



**कुम्हारी।** 75 वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर ग्राम पंचायत कुम्हारी,शासकीय पशु अस्पताल,प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुम्हारी,शासकीय प्राथमिक शाला कुम्हारी,अनुसूचित जनजाति प्री मैट्रिक छात्रावास,कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास कुम्हारी, शासकीय माध्यमिक शाला कुम्हारी,जैनम ज्ञानोदय विद्यापीठ हाई स्कूल कुम्हारी,सरस्वती शिशु मंदिर कुम्हारी, जे ऐस बुंदेला स्कूल कुम्हारी,सरस्वती ज्ञान विद्या मंदिर कुम्हारी,पुलिस थाना कुम्हारी, अंबेडकर तिराहा कुम्हारी,में स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुम्हारी से रैली की शुरुआत हुई समस्त स्कूलों में मां भारती और वीर पुरुषों के प्रतीक चिन्ह पर माल्यार्पण कर एवं श्रीफल फोड़कर कार्यालयों मुख्य अधिकारियों द्वारा ध्वजारोहण किया गया। छात्राओं द्वारा राष्ट्रगान प्रस्तुत किया गया। रैली कुम्हारी नगर का भ्रमण करते हुए ध्वजारोहण करते हुए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुम्हारी पहुंची जहां पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुम्हारी प्रभारी श्री हरि शंकर लोधी जी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। उसके पश्चात जनप्रतिनिधियों का स्वागत वंदन अभिनंदन किया गया,सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कार्यक्रम का संचालन जिनेंद्र कुमार जैन शिक्षक द्वारा किया गया। इसी प्रकार कुम्हारी के अंतर्गत सभी स्कूलों में कार्यक्रम संपन्न हुए,स्कूलों में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहा। बहुत ही अच्छे-अच्छे कार्यक्रमों की प्रस्तुति हुई और चारों तरफ गणतंत्र दिवस की धूम रही।

## पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में लगाई गई प्रदर्शनी

**दमोह।** पुलिस अधीक्षक महोदय सुनील कुमार तिवारी के निदेशन में, अति0 पुलिस अधीक्षक श्री संदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में एवं रक्षित निरीक्षक हेमन्त बरहैया के नेतृत्व में 27 जनवरी 2024 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय जिला दमोह के परिसर में अभिमन्यु अभियान की प्रदशर्नी लगाई गई है। जिसमें नया भारत नया विधान से संबंधित में आम जनता को जागरूक करने के उद्धेश्य से प्रदशर्नी का आयोजन किया गया है। जिसमें समाज की बदलती जरूरतों और समस्याओं को ध्यान में रखते हुए, सरकार ने नए विधान और कानूनों का प्रारंभ किया है। इन नए कानूनों का मुख्य उद्धेश्य समाज के हर वर्ग के अधिकारों की सुरक्षा और न्याय की प्राप्ति है। यह विधान और कानून सामाजिक समरसता, विकास, और सामाजिक संघर्षों के साथ एक संवैधानिक संरचना को प्रोत्साहित करने का प्रयास है।

## संविधान देश की आत्मा है: डॉ अजय लाल



**दमोह।** मारुताल स्थित कॉलेज ऑफ नर्सिंग परिसर में गणतंत्र दिवस के मौके पर ध्वजारोहण कार्यक्रम संपन्न हुआ। ध्वजारोहण समाज सेविका श्रीमती डॉ इन्दु लाल द्वारा किया गया सामुहिक राष्ट्रीय गान हुआ। इस मौके पर मुख्य वक्ता समाज सेवी डॉ अजय लाल ने कार्यक्रम में सभा को संबोधित करते हुए कहा संविधान जो होता है वह देश की आत्मा होती है संविधान से बड़ा कोई भी व्यक्ति नहीं होता और संविधान से बड़ा कोई शासक नहीं होता। जब आत्मा शरीर को छोड़ देती है तो व्यक्ति मृतक हो जाता है बहुत परिश्रम से संविधान को हमारे देश के विध्यमानों ने रचा जो हम तक पहुँचा है। संविधान को रचा इसलिए गया है कि हम और आप स्वतंत्रता से अपने विचारों की अभिव्यक्ति कर करें। साथ ही हमें लोगों की भलाई करने के कार्यों के लिए अधिकार मिले । ये संविधान जो है इसमें स्वतंत्रता की बात होती है , स्वतंत्रता मिल गई परन्तु बिना अनुशासन के स्वतंत्रता का कोई अर्थ नहीं रहता। स्वतंत्रता का अर्थ यह नहीं कि जो हमारे मन में जो आये वह कहदें अपनी कथनी में किसी को भी अपशब्द कहें। हम अगर स्वतंत्र हैं तो किसी के भी चरित्र पर झूठे आरोप लगाएं ,जबकी सच्ची स्वतंत्रता तब तक है जब तक उसकी आत्मा संविधान के रूप में मौजूद है। कार्यक्रम के दूसरे चरण में सेंट्रल इण्डिया एकेडमी स्कूल के बच्चों के अलावा कॉलेज ऑफ नर्सिंग की छात्र छात्रवाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

## भंडारे एवं यज्ञ पूर्णाहुति के साथ संपन्न हुआ प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नोहटा

श्री देव शंकर हनुमान मंदिर नोहटा में विगत 19 जनवरी से चल रहे प्राण प्रतिष्ठा आयोजन एवं श्रीमद् भागवत कथा का समापन विशाल भंडारे एवं पूर्णाहुति के साथ किया गया। जिसमें सभी लोगों ने अपना तन मन धन से सहयोग किया। जिसमें आबकारी ठेकेदार अनिल यादव के द्वारा भगवान श्री राम दरबार की प्रतिमा समर्पण कर स्थापित की गई। और विशाल भंडारा करवाया। ठेकेदार यादव के द्वारा कन्या भोज में उपस्थित कन्याओं का पूजन कर तिलक बंधन किया गया। सकल दिगंबर जैन समाज नोहटा के द्वारा भागवत कथा में प्रतिदिन प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई। विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल नोहटा द्वारा भगवान श्री कृष्ण एवं रुक्मणी जी का विवाह संपन्न कराया गया। एवं इस विशाल कार्यक्रम को सफलता पूर्वक संपन्न कराया। समिति अध्यक्ष लाल यादव ने बताया कि जन सहयोग से इतना बड़ा कार्यक्रम संपन्न हो पाया है। मंदिर निर्माण में विशेष सहयोग करने वाले साहब सिंह यादव, पूर्व सरपंच रामप्रसाद राय, चंद्रभान यादव, अनिल यादव आबकारी ठेकेदार एवं अन्य श्रद्धालुओं के द्वारा नवनिर्मित मंदिर के लिए तन मन धन से सहयोग किया। श्री देव शंकर हनुमान मंदिर समिति एवं श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति सभी श्रद्धालुओं का हृदय से आभार व्यक्त करती हैं।

## ग्राम रोंड में अनवरत निकल रही प्रभात फेरी



**बनवार।** राम नाम का अलख जगाने और सुबह की हवा लाखों की दवा के उद्धेश्य को लेकर ग्राम रोंड में अनवरत हर रोज सुबह प्रभात फेरी निकाली जा रही है। जिस का वार्षिक उत्सव आज बड़े ही भक्ति उत्साह से मनाया गया वार्षिक उत्सव की प्रभात फेरी का शुभारंभ संकट मोचन मंदिर से होते हुए राधा कृष्ण मंदिर दरवाजे, मोहल्ला शिव मंदिर, बजरिया मोहल्ला, संकट मोचन मंदिर से ग्राम परिक्रमा करते हुए शून्य नदी तट महादेव घाट पर प्रभात फेरी का समापन हुआ। इस दौरान भगवान की सुंदर झांकियों के साथ भजन संकीर्तन करते हुए ग्वाल बाल बरेदी नृत्य भगवान की मनोरम झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रही। इस अवसर पर पूरा गांव प्रभात फेरी में शामिल हुआ। भक्ति आनंद में रंगे श्रद्धालुओं के द्वारा खूब गुलाल उठाई और प्रभात फेरी में शामिल बड़ी संख्या में लोगों का भक्ति उत्साह देखते ही बन रहा था। हर तरफ रामनाम धुन की गूंज सुनाई दे रही थी।

### भाजपा की जिला कार्यशाला आज

**दमोह।** भारतीय जनता पार्टी संगठन के द्वारा गांव चलो अभियान की शुरुआत की जा रही है इसी तारतम्य में गांव चलो अभियान को लेकर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन 29 जनवरी को जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित होगी । इस संबंध में जिला मीडिया प्रभारी राघवेंद्र सिंह परिहार ने बताया कि गांव चलो अभियान को लेकर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन जिला भाजपा कार्यालय में दोपहर 12 बजे से आयोजित होगी, जिसमें कार्यशाला में मुक्त वक्ता प्रदेश मंत्री रजनीश अग्रवाल, जिला प्रभारी सतानंद गौतम,अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रीतम सिंह लोधी की रहेगी।

# रनेह अंचल में जगह-जगह लहराया तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रनेह





गणतंत्र दिवस के मौके पर जगह जगह ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किए गए। समस्त शासकीय संस्थाओं, शैक्षणिक संस्थाओं, प्राइवेट स्कूलों, में ध्वजारोहण किया गया। नन्हे-मुन्ने बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों की रही धूम। परंपरा अनुसार शैक्षणिक संस्थाओं के नन्हे-मुन्ने छात्र-छात्राएं शाला में ध्वजारोहण पश्चात कतारबद्ध लाइन बनाकर ग्राम के मुख्य मार्गों को देशभक्ति के गगनभेदी नारों से गुंजायमान करते हुए ग्राम पंचायत भवन पहुंचे। जहां आजादी के पर्व का सामूहिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि राममिलन तिवारी, अध्यक्षता सरपंच कन्हैयालाल आदिवासी, विशिष्ट अतिथि मनीष तंतुवाय जिला पंचायत सदस्य, डॉक्टर रामनारायण कुसमया, श्याम नायक, खूबचंद तंतुवाय थे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति में निर्णायक मंडल में रामकिशुन तिवारी, डॉ आर के मिश्रा, विश्वनाथ नगायच, श्रीकांत तिवारी, अखलेश तिवारी निर्णायक की भूमिका में रहे। कार्यक्रम के प्रथम चरण में सरपंच कन्हैयालाल आदिवासी द्वारा ध्वजारोहण किया गया, तत्पश्चात नाथूराम बंसल बैंड पार्टी द्वारा राष्ट्रगान की धुन बजाई गई, तत्पश्चात उपस्थित गणमान्य नागरिकों द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। शैक्षणिक संस्थाओं के नन्हे-मुन्ने बालको ने मनमोहक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मन मोह लिया। एक से बढ़कर एक प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों में दर्शकों की तालियों की गड़गड़ाहट लगातार जारी रही। साथ ही बच्चों का उत्साहवर्धन करने के लिए लगातार हजारों रुपए की राशि पुरस्कार स्वरूप दी जा रही थी। समूचे कार्यक्रम का सफल संचालन शिवाकांत पांडे ने किया। आभार प्रदर्शन ग्राम पंचायत सचिव कदीर खान ने किया। वही उपस्थित नागरिकों का स्वागत करीम खान, गोपी साहू ने किया। कार्यक्रम में पंचायत के समस्त पंचों जनप्रतिनिधियों ग्राम के गणमान्य नागरिकों समस्त शासकीय कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

### भाजपा का ध्वजारोहण

भारतीय जनता पार्टी का ध्वजारोहण गोल बाजार में श्याम नायक द्वारा किया गया। इस मौके पर डॉक्टर रामनारायण कुसमया, डॉ आर के मिश्रा, अमृत लाल साहू, रूद्र प्रकाश पौराणिक, रामसुमंत मिश्रा, नन्नू लाल राय, केशव प्रसाद कुसमया, शिवाकांत पांडे, संतू चौरसिया, सत्तार खान, अरविंद मिश्रा, आबिद खान, लखन सेन की उपस्थिति रही।

### पुलिस ने किया ध्वजारोहण

गणतंत्र दिवस के अवसर पर थाना परिसर में थाना प्रभारी सुश्री प्रीति पांडे ने ध्वजारोहण कर तिरंगे झंडे को सलामी दी। पुलिस स्टाफ ने परेड के साथ गार्ड ऑफ ऑनर देते हुए सलामी दी। इस मौके पर गणमान्य नागरिकों के साथ समूचे पुलिस स्टाफ की उपस्थिति रही। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में ध्वजारोहण जी सी नामदेव ने किया, तत्पश्चात मां वीणावादिनी, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के समक्ष अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात शाला स्टाफ द्वारा अतिथियों का पुष्प माला से स्वागत किया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रंखला में संगीत, भारत गीत, भाषणों, नाटकों की प्रस्तुति दी गई। जिसकी काफी सराहना की गई। समूचे कार्यक्रम का सफल संचालन अरविंद राजोरिया, महेश तिवारी ने किया। कार्यक्रम की व्यवस्था में शिक्षक श्रीमती रीना साहू, चंद्रभान साहू, रामचंद्र साहू, जाहर सिंह यादव अग्रणी नजर आए।

### जगह-जगह फहराया तिरंगा

गणतंत्र दिवस के अवसर पर ग्राम के समस्त शासकीय स्कूल, प्राइवेट शैक्षणिक संस्थाएं, आंगनबाड़ी केंद्रों, सेवा सहकारी समिति, आरोग्यं केंद्र में संस्था प्रमुखों द्वारा ध्वजारोहण कर मिष्ठान वितरण किया गया।

### साईं चिल्ड्रन्स में हुए कार्यक्रम

साईं चिल्ड्रन एकेडमी में गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में बड़े धूमधाम के साथ तिरंगा फहराया गया। स्कूली बच्चों ने मनमोहक देशभक्ति से ओतप्रोत रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए सभी अतिथियों को भावविभोर कर दिया। देश भक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुति के साथ देश भक्ति नाटक प्रस्तुत किए। संस्था अध्यक्ष श्याम नायक, प्रधानाध्यापक लवकेश नायक द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस मौके पर बतौर अतिथि के रूप में कौशलाधीश मंदिर महंत विनय शुक्ला, डॉक्टर रामनारायण कुसमया, डॉ आर के मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य मनीष तंतवाय, हरिराम नायक, धनवंतरी नायक, नरेंद्र तंतवाय की उपस्थिति रही। समूचे कार्यक्रम का सफल संचालन अभिषेक राज नायक, छात्र देव तिवारी ने किया। इस अवसर पर शिक्षक दीपक नामदेव, अरमान खान, नरेश अहिरवार, श्रीमति रश्मि नायक, श्रीमति प्रियंका राय, मानसी नायक, दीप्ति मिश्रा, रश्मि राय, वंशिका असाटी, प्रार्थना तिवारी, प्रिया खरे के साथ ही ग्राम के गणमान्य नागरिकों, अभिभावकों की उपस्थिति सराहनीय रही। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को पुरस्कृत करते हुए मिष्ठान वितरण किया गया। संविधान रचयिता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की आदम कद प्रतिमा पर गणतंत्र दिवस के इस अवसर पर भीमराव अंबेडकर सेवा समिति द्वारा हर्ष और उत्साह के साथ ध्वजारोहण किया गया। इस मौके पर सामाजिक बंधुओं की उपस्थिति के साथ ही ग्राम के गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी रही।



## प्राचार्य हुए सम्मानित

**दमोह।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर निर्वाचन एवं विभागीय योजनाओं में बेहतरीन कार्य करने के उपलक्ष्य में मुकेश गूजरे प्राचार्य हाईस्कूल राजाबंदी को जिला कलेक्टर मयंक अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक सुनील तिवारी, जिला पंचायत सीईओ आईएएस अर्पित वर्मा द्वारा सम्मानित किया गया।

## उत्साह के साथ मनाया गणतंत्र दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

समूचे विकासखंड के साथ ग्राम पंचायत रसीलपुर में 26 जनवरी 75 वा गणतंत्र दिवस समारोह बड़े ही धूमधाम से मनाया गया सर्वप्रथम सरपंच द्वारा झंडा वंदन किया गया एवं ग्राम के सरपंच पंडित कमल दुबे उपसरपंच प्रतिनिधि कमलेश पटेल व शिक्षकों एवं ग्राम वासियों के द्वारा संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर एवं सभी महापुरुषों के चित्रों पर पुष्प अर्पित किए गए। इसके उपरांत शासकीय प्राथमिक शाला में सभी स्कूलों का मुख्य समारोह कार्यक्रम आयोजित हुआ जहां पर छात्र-छात्राओं के द्वारा राष्ट्रीय गीतों की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। इसके उपरांत सरपंच कमल दुबे ने अपने उद्बोधन में गणतंत्र दिवस पर संविधान के विषय में रोचक तथ्यात्मक तत्वों के माध्यम से उपस्थित सभी को अवगत कराया। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रस्तुति देने वाले प्राथमिक माध्यमिक एवं हाई स्कूल के छात्र-छात्राओं को सरपंच हुआ उपस्थित अतिथियों द्वारा उपहार व नगद राशि देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में हाई स्कूल प्राचार्य मुकेश चौबे माध्यमिक विद्यालय से बालाराम अहिरवार शिक्षक अशीष दवे, तुलसीराम, प्राथमिक प्रधान अध्यापक प्रजापति, ग्राम पंचायत सचिव जागेश्वर नामदेव रोजगार सहायक सुधीर काछी आशीष पटेल के अलावा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ सहायिकाओं आशा कार्यकर्ताओं सहित ग्राम के नागरिकों व छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही। इसके अलावा ग्राम पंचायत बोरी कला में सरपंच रामचरण पटेल, देवरा जामसा में नारायण सिंह पटेल, पाली में श्रीमती चंदा किशोर सिंह यादव, ग्राम पंचायत वर्धा धीरज आदिवासी, द्वारा ध्वजारोहण किया गया।

## खबर संक्षेप

### गजानन टेकरी पर तिल गणेश मेला आज

**दमोह।** स्थानीय गजानन टेकरी संतोषी माता मंदिर परिसर में 29 जनवरी को तिल गणेश मेला का आयोजन किया जाएगा। मंदिर निर्माण समिति के व्यवस्थापक दिलीप चौरसिया, विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष अजय अंजू खत्री व मोंटी रैकवार ने बताया कि गजानन टेकरी संतोषी माता मंदिर पर प्रतिवर्ष प्राचीन तिल गणेश मेला का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष 29 जनवरी को गजानन टेकरी पर मेला का आयोजन सुबह 9 बजे विधिवत पूजन अर्चन कर किया जाएगा। मेला आयोजन समिति द्वारा समस्त धर्म प्रेमियों से मेला में पहुंचने की अपील की गई है।

### तीन थानों की सीमा का किया गया युक्तिकरण

**दमोह।** पदेन उप सचिव एवं जिला दण्डाधिकारी मयंक अग्रवाल ने पुलिस अधीक्षक सुनील तिवारी द्वारा जिले के 03 थानों की सीमा के युक्तिकरण प्रस्तुत करने पर जिला स्तरीय समिति से चर्चा एवं अनुमोदन उपरांत तथा दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 2 खण्ड -एस के अनुरूप शक्तियों का उपयोग करते हुये दमोह जिले के थानों की सीमा का युक्तिकरण की अधिसूचना जारी कर दी है।जिला दण्डाधिकारी श्री अग्रवाल ने थाना हिण्डोरिया अंतर्गत आने वाले ग्राम एरोरा एवं ग्राम गंजकटा को प्रस्तावित दमोह देहात, थाना तेजगढ के ग्राम गिदरा को थाना जबेरा, ग्राम डुकरसता एवं झलौन को प्रस्तावित थाना तेन्दूखेड़ा तथा थाना कुम्हारी के ग्राम बगलवारा को प्रस्तवित थाना नोहटा में युक्तिकरण किये जाने की अधिसूचना जारी की है।

### लक्ष्मण नामदेव दिवंगत

**दमोह।** नामदेव समाज के प्रतिष्ठित प्रीतम नामदेव के पुत्र लक्ष्मण नामदेव का बीमारी के चलते आकस्मिक निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा में सभी वर्ग के नागरिकों ने सभी वर्ग के नागरिकों ने शामिल होकर शोक श्रद्धांजलि अर्पित की।

### नरेन्द्र परिहार का निधन

**दमोह।** राजपूत समाज के वरिष्ठ नरेंद्र सिंह परिहार ने स्टेनो टू कलेक्टर का लंबी बीमारी के बाद कल रात्रि 10 बजे देव लोग गमन हो गया है जिनकी अंतिम यात्रा उनके गृह निवास सुरेखा कॉलोनी से प्रातः 10:00 बजे सुरेखा मुक्ति धाम के लिए प्रस्थान करेगी। उनके निधन पर सभी वर्ग के नागरिकों ने शोक संवेदना व्यक्त कर श्रद्धांजलि दी।

### तेंदूखेड़ा के जंगल में हादसे के बाद रात भर कार में फंसे रहे घायल युवको ने दम तोड़ा

# रफ्तार का कहरः पेड़ से टकराई कार, दो की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह





सागर जबलपुर स्टेट हाईवे 15 पर तेंदूखेड़ा थाना अंतर्गत बम्होरी के जंगल में देर रात एक तेज रफ्तार आनियंत्रित होकर पेड़ से टकराकर पलट गई। हादसे के बाद कार में सवार दोनों युवक दुर्घटनाग्रस्त गाड़ी में ही फंसे रह गए और इसी दौरान उनकी मौत भी हो गई। सुबह जब घटना की सूचना पुलिस को मिली और 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार तेंदूखेड़ा थाना क्षेत्र के बम्होरी जंगल मे शनिवार रविवार की दरमियानी रात सागर से जबलपुर तरफ जा रही कार क्रमांक एमपी 20 जेडबी 9628 अनियंत्रित होकर सड़क से उतरने के बाद पेड़ से टकराकर पलट गई। टक्कर इतनी जबरदस्ती की पेड़ का ऊपरी हिस्सा टूट गया वही कार चला रहा युवक तथा साथ में आगे की सीट पर बैठा युवक घायल होने के बाद कार में ही फसे रह गए। रविवार सुबह यहां से निकली एक बस के ड्राइवर ने कुछ पत्रकारों को जंगल में दुर्घटनाग्रस्त कार के पलटे पड़े होने की जानकारी दी। जिसकी बाद मौके पर पहुंची मीडिया ने हालातों को देखा तथा पुलिस और 108 को सूचना दी। बाद में मौके पर पहुंची पुलिस ने कर में फंसे लोगों को निकलवा कर 108 एंबुलेंस से तेंदूखेड़ा अस्पताल भेजा। जहां उनको मृत घोषित कर दिया गया। मृतकों की पहचान रहली के वार्ड क्रमांक 8 निवासी वरुण पिता अनिल सोनी तथा गौरव पिता उमेश शुक्ला उम्र वार्ड क्रमांक 11 रहवासी निवासी के रूप में हुई है। जो देर रात जबलपुर जाते समय हादसे का शिकार हो गए।

घटना की जानकारी लगने पर रविवार को तेन्दूखेड़ा थाना प्रभारी फेमिदा खान नायब तहसीलदार चंदशेखर शिल्पी एएसआई गजराज सिंह आरक्षक नीरज नामदेव रंजीत राणा बृजेश सिंह ठाकुर रक्षा समिति सदस्य सलीम खान आदि ने मौके पर पहुंच कर कार में फंसे हुए लोगों को निकालकर अस्पताल रवाना किया। घटना की जांच कर रही पुलिस यह भी पता लगाने की कोशिश कर रही है कि किसी अन्य वाहन से क्रॉसिंग के दौरान टक्कर लगने की बजह से तो यह हादसा नहीं हुआ। घटना की जानकारी रहली पहुंचने और परिजनों के तेंदूखेड़ा आने के साथ गमगीन माहौल बना हुआ है। पोस्टमार्टम उपरांत शव परिजनों को सौंप जाने की कार्रवाई की जा रही है।

### कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ पंचकल्याणक महा महोत्सव

# जंगल में हो रहा पाषाण से भगवान बनने का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



वनांचल गांव सादपुर में पहली बार पंचकल्याणक महा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, आचार्य श्री विरागसागर जी महाराज के परमशिष्य श्रमणोपध्याय श्री 108 विरंजन सागर की मुनिवर के सानिध्य में आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान का रविवार को कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ, आयोजन के पूर्व समस्त पात्रों को नियमों के बंधन में बांधा गया। सूर्योदय के साथ ही आयोजन स्थल पर दिव्यघोष के साथ मंगल आयोजन में सभी को सम्मलित होने का न्यौता दिया गया, समस्त पात्रों के साथ इन्द्र इन्द्राणियों ने एक ही रंग रूप में सिर पर कलश लेकर कलश यात्रा में अपनी भागीदारी की, कलश यात्रा के माध्यम से सभी को आयोजन में भाग लेने का न्यौता दिया गया, कलश यात्रा के लिए जगह जगह रंगोली सजाई गई। स्वागत अभिनंदन, आरती की गई, कलश यात्रा के पंडाल में प्रवेश के पूर्व पं भागचंद धरियाबाद ने मंत्रों का उच्चराकर जिन शासन का प्रतीक पंचरंगा ध्वज फहराया गया, पूर्व दिशा में फहराता ध्वज सर्व समाज, देश के सुख शांति प्रगति का प्रतीक व निमत्ते माना जाता है, कलश में लाये जल से पंडाल की शुद्धी की गई, भगवान का न्योहन अभिषेक इन्द्रो के द्वारा किया गया।मुनि श्री विरंजन सागर जी महाराज ने अपनी मंगल देशना में बताया कि अपनी यात्रा आत्मा की यात्रा का नाम घट यात्रा है, बाह्य शुद्धि के साथ आत्म शुद्धि भी जरूरी है। आयोजन में दूर दूर से आये भक्तों ने अपनी हिस्सेदारी दर्ज कराई।

हटा एसडीओपी नीतेश पटेल सादपुर पँहुचे। उन्होंने आयोजन स्थल पर तैयारियों,सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण कर रजपुरा थाना प्रभारी राजीव पुरोहित और अमले को आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही पंचकल्याणक महोत्सव के आयोजकों से चर्चा कर पुलिस व्यवस्था सहयोग का भरोसा दिया।

## प्रभु श्रीरामजी के चरण जहां-जहां पड़े वहां रामपथ गमन का निर्माण होगाः राज्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेंद्र सिंह लोधी जनपद तेंदूखेड़ा के ग्राम तारादेही, समनापुर, धनगौर पहुंचे। प्रथम नगर आगमन पर क्षेत्र वासियों ने मंत्री श्री लोधी का फूल मालाओं से स्वागत किया। इस दौरान राज्यमंत्री श्री लोधी तारादेही में जैन मंदिर में पहुंचकर सिद्ध चक्र महामंडल विधान विश्व शांति महायज्ञ में सम्मिलित हुए। समनापुर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में सम्मिलित हुए और कहां कि श्री राम मंदिर निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका और मुख्यमंत्री जी निरंतर राम पथ गमन की योजना बनाई जा रही है, प्रभु श्री राम जी के चरण जहां-जहां पड़े हैं वहां रामपथ गमन का निर्माण किया जायेगा। राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा भारत एक ऐसा देश है कि सर्व धर्म के लोग निवास करते और अखंडता में एकता की भावना से रहते हैं। इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण, ग्रामीणजन मौजूद रहे।

## जेल में हुआ जागरूकता कार्यक्रम

**दमोह।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेणुका कंचन के मार्गदर्शन एवं जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अम्बुज पाण्डेय की उपस्थिति में जिला जेल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया, लीगल एण्ड डिफेंस काउंसिल चीफ मनीष नगाईच, डिप्टी चीफ मदन कुमार जैन, असिस्टेंट शिवानी पाराशर, असिस्टेंट रिचा त्रिपाठी, असिस्टेंट तुहीना मजूमदार, जेल अधीक्षक सी.एल. प्रजापति, जेल स्टाफ सहित बंदीगण उपस्थित रहे। जिला न्यायाधीश अम्बुज पाण्डेय ने बंदियों को उनके अधिकारों के बारे में जानकारी देते हुये बताया कि जेल में निरूद्ध किशोरों के लिये विधिक सहायता हेतु अखिल भारतीय अभियान 2024 चलाया जा रहा है। जिसमें 18 वर्ष से कम एवं 18 से 22 वर्ष के निरूद्ध बंदियों को चिन्हित किये जाने के विषय में दिशा-निर्देश दिये गये हैं, जिसके अंतर्गत ऐसे बंदी जो अपराध घटित होने पर नाबालिग होने का दावा करते हैं या उनके संबंध में किसी न्यायालय में आवेदन लंबित है या जो नाबालिग प्रतीत होते हैं। ऐसे बंदियों की छटनी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नियुक्त टीम जिसमें अधिवक्ता व पी.एल.व्ही. सम्मिलित हैं, के द्वारा की जा रही है। इसके पश्चात उनके द्वारा सूची कार्यालय में उपलब्ध करायी जाकर उनके यथाउचित आवेदन संबंधित न्यायालय में प्रस्तुत किये जायेगें। जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया द्वारा विधिक सहायता योजना के अंतर्गत ऐसे बंदी जिनके अधिवक्ता नहीं है या ऐसे दंडित बंदी जो अपील करना चाहते हैं उनकी अपील शासन के व्यय पर निःशुल्क प्रस्तुत किये जाने के संबंध में विस्तृत जानकारी के साथ ही बंदियों को नियमित रूप से योग-प्रणायाम एवं जेल में उपलब्ध पुस्तकों को पढ़ने की समझाइश दी गई।

## हॉकी मप्र की टीम ने सिल्वर मेडल जीता

**दमोह।** हॉकी इंडिया द्वारा चेन्नई मे खेली गये। यूथ गेम्स मे हॉकी मध्य प्रदेश की बालिकाओ ने कोच सरोज राजपूत नेहा रावत एवम बालको ने देवकीनंदन एवम सुधीर गोरवले के कुशल मार्ग दर्शन मे शानदार प्रदर्शन किया। बालिकाओ ने कोच सरोज नेहा की रणनीति से हरियाणा की मजबूत टीम से कडा संघर्ष किया। मैच के अंतिम मिनट मे एक गोल से पराजित होकर सिल्वर मेडल प्राप्त हुआ। वही बालको ने उडीसा से एक गोल से पराजित होकर सिल्वर मेडल से संतोष करना पडा। हॉकी मध्य प्रदेश को 2016 से वर्तमान तक 22 मेडल प्राप्त किये। हॉकी इंडिया ने हाल ही मे हॉकी मध्य प्रदेश को उपलब्धी पर सर्वश्रेष्ठ संघ का प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया है। हॉकी मध्य प्रदेश की दोनो टीमो को सिल्वर मेडल प्राप्त होने पर संरक्षक जयंत मलैया विधायक, मध्य प्रदेश ओलंपिक संघ सचिव दिग्विजय सिंह, उपाध्यक्ष विजय वर्मा, अजू टंडन, डा अजय लाल महासचिव लोक बहादुर, कोषाध्यक्ष ललित नायक, सहसचिव जगेनदर तोमर, हरिशंकर राजेश, भगवान सिंह, आभा रोहित, कोच कफील आरिफ, फैयाज राजीव, विकास जैन, तरुण किशन, उमेश तरुण, असार विवियन इमरान आदि ने बधाई दी है।




## पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम संपन्न




**दमोह।** श्री दिगंबर जैन पुत्री शाला में प्रयास पर्यावरण संरक्षण द्वारा अपने स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण से संबंधित अभियान के तहत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के शुभारंभ में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुधीर सिंघई अध्यक्ष जैन पंचायत आमंत्रण अतिथि एमके खरे, वरिष्ठ शिक्षक तथा प्रयास संस्था के अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल, वरिष्ठ प्रधान अध्यापक संतोष जैन, शिक्षक एवं प्रमोद बड़कुल ने दी प्रज्वलित किया। अतिथि सम्मान साल की शिक्षिकाओं और सरस्वती वंदना छात्राओं ने की कार्यक्रम को प्रारंभ करते हुए प्रयास के संगठक डॉ. एलसी जैन ने विद्यार्थियों से पॉलीथिन उन्मूलन पर चर्चा की तथा विद्यालय को पॉलिथीन मुक्त बनाने के लिए टिप्स दिए। तत्पश्चात पर्यावरण संरक्षण पर एक क्विज प्रतियोगिता का रखी गई। विद्यार्थियों ने प्रश्नों के सही-सटीक और जवाब देकर प्रतियोगिता को रोचक और उपलब्धि कारक बना दिया। कार्यक्रम में शामिल सभी प्रतियोगियों को एमके खरे के सौजन्य से आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए गए, मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कार्यक्रम को ज्ञानबद्ध एवं पर्यावरण संरक्षक की दिशा में नवीन प्रयोग बताए, शाला की शिक्षिका कुमारी रुबी खान, साक्षी नामदेव, सरिता चक्रवर्ती, दिव्या अहिरवार ने सक्रिय सहयोग दिया। आभार प्रदर्शन प्रधान अध्यापिका दीप जैन ने किया।

## मुनि संघ की झलौन में भव्य आगवानी तेंदूखेड़ा की और विहार

**झलौन।** आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि श्री अभय सागर , पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि श्री संभव सागर जी महाराज, मुनि श्री निरोग सागर जी महाराज, मुनि श्री निरीह सागर जी, मुनि श्री नीरज सागर जी महाराज ससंघ की दिगंबर जैन समाज झलौन के साथ तेंदूखेड़ा, पाटन, जबलपुर जैन समाज के द्वारा भव्य आगवानी के पश्चात मुनी संघ ने चंदा प्रभु दिगंबर जैन मंदिर में प्रवेश कर पूजा अर्चना के पश्चात प्रवचन दिये। प्रवचन के पश्चात मुनि संघ आहारचर्या को निकले। मुनि श्री अभय सागर महाराज की आहारचर्या जितेंद्र जैन, संभव सागर महाराज जी को पदमचंद जैन, निरोग सागर महाराज जी को पूरनचंद जैन, निरीह सागर महाराज जी को राजेंद्र कुमार जैन, नीरज सागर महाराज जी को विनोद कुमार जैन को प्राप्त हुआ। मुनि संघ को अपने-अपने घरों में परिवार सहित समाज जनों को आहार दान देने का सौभाग्य प्राप्त किया। इसके बाद मुनि श्री संघ ने सामायिक ध्यान करने के उपरान्त तेंदूखेड़ा नगर की और बिहार कर दिया।



## फाइनल मुकाबले में पाटन बना विजेता



**झलोन।** वीरांगना रानी दुर्गावती खेल परिसर झलौन में कर्म योद्धा पार्थ क्लब के तत्वाधान में क्रिकेट टूर्नामेंट सम्पन्न हुआ। जो पवई सरकार पाटन और स्टार इलेवन धनेटा के मध्य खेला गया। स्टार इलेवन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पाटन टीम 11.1 ओवरों में 111 रनों पर सिमट गई। जवाब में स्टार इलेवन धनेटा 10.5 ओवरों में 52 रनों पर धराशाई हो गई। 60 रनों से फाइनल महामुकाबला पाटन ने टूर्नामेंट में अपना परचम लहराया दिया। के बॉय पी क्लब के संचालक चन्द्र प्रताप सिंह (छोटे ठाकुर) ने बताया मैन आफ ऑफ द मैच ओर प्लयेर ऑफ द टूर्नामेंट जान मुहम्मद पवई वेस्ट बल्लेवाज ऑफ़ टुर्नामेंट का खिताब रियाज खान, बेस्ट बॉलर ऑफ टूर्नामेंट संजय स्टार इलेवन टीम से रहे। एवं विजेता टीम को 41000/- एवं शील्ड एवं उपविजेता को 21000/- एवं शील्ड से प्रदान की गई।जिसमे अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल,जनपद अध्यक्ष तुलाराम यादव, राजा ठाकुर (युवा नेता),सरपंच प्रतिनिधि चक्रेश जैन, अंपायर की भूमिका में शालू खान,साहिल खान रहे। मैच का कमेंट्री गौरी शोएब पठान तेजगढ़ द्वारा की गई। स्कोरर सोनू खान रहे।

## कदम ने रोपा 932 पौधा



**दमोह।** साप्ताहिक पौधारोपण करने वाली सामाजिक संस्था कम ने आज भारत माता पार्क में ठीक 10 932 व पौधारोपण किया जिसमें संस्था के विरिष्ठ सदस्य डॉ केदारनाथ शर्मा,डॉ संदीप पलंदी,भावना उमरे,अर्शिता खरे ने अपने जन्मदिन एवं अनीता राजीव वर्मा ने अपनी वैवाहिक वर्षगांठ पर पौधा रोपण किया। संस्था प्रमुख दीपक सेन डॉ अमित जैन,डॉ राजेश नामदेव,डॉ विशाल शुक्ला,नितेश खरे आकाश चक्रवर्ती ,मधु लता पाराशर,मुनमुन सेन,प्रतिभा तिवारी,मानव सोनी,धीरेंद्र पाराशर की जन्मदिन एवं रजनी कपिल खरे,ज्योति ओमप्रकाश सोनी,रीना विशाल शिवहरे की वैवाहिक वर्षगांठ पर पौधा रूप पर सभी को शुभकामनाएं दी। सभी ने मिलकर कदम का पारंपरिक गीत गया एवं पीठ के पक्ष सम्मान पत्रों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में विशेष उपस्थिति अनीता शर्मा,रश्मि सेन,सुरभि पलंदी,आशी शर्मा,राधेश्याम नेमा,प्रभात जैन,ईश्वरदास शर्मा,राहुल टंडन,अंकित खरे,महेश रैकवार,संजय रजक,कार्तिक शर्मा की रही।

## ब्रह्मास्त्र अनुष्ठान से मिलेगा साधकों को सुरक्षा कवच



**हटा।** मातृशताब्दी अखंड दीप जनशताब्दी श्रद्धा संवर्धन यात्रा के अंतर्गत छठवें दिवस शक्ति कलश का रथ प्रातः 11:00 बजे गायत्री शक्तिपीठ हटा से विनती ,सनकुईया ,कांटी ,शिवपुर, डोली, काईखेड़ा, चकरदा ,देवरी पंचायतों में पहुंचा। ग्राम वासियों ने श्रद्धा संवर्धन यात्रा में सहभागी बनकर शक्ति कलश का पूजन वंदन किया। टोली नायक पंडित दिनेश दुबे ने 14 जनवरी 2024 से बसंत पंचमी 2026 तक चलने वाले ब्रह्मास्त्र अनुष्ठान की व्याख्या करते हुए बताया कि इस अनुष्ठान में प्रत्येक दिन 10 माला गायत्री महामंत्र एवं एक माला महामृत्युंजय जप करने हेतु प्रेरित किया। ब्रह्मास्त्र अनुष्ठान की व्याख्या करते हुए बताया कि अनुष्ठान के जप से नकारात्मक शक्तियां समाप्त हो जाती हैं एवं सकारात्मक शक्तियां बढ़ती है एवं मानसिक शांति प्राप्त होती है। उन्होंने बताया कि इस अनुष्ठान से दैहिक, दैविक, भौतिक कस्टों को दूर कर घर परिवार में सुख शांति एवं समृद्धि के संचार होने बात कही। पांजी गांव में दीप यज्ञ हुआ इस अवसर पर कार्यक्रम में डॉ गोपाल कुसमरिया, हरि नारायण चौकरया ,शैलेंद्र नायक, रामकिशोर दुबे, मदन गोपाल दुबे ,अरुण पटेल ,राजाराम पटेल ,कमलेश उपाध्याय ,सुशील सेलट मुरारी पटेल एडवोकेट प्रहलाद पटेल के अलावा लखन शुक्ला , गंगाराम नामदेव के अलावा अनेक ग्राम वासी उपस्थित थे।

## श्रीकृष्ण सेवा करना ही जीव का स्वरूप धर्म है



**दमोह।** कथा व्यास श्री हरे कृष्ण दास ब्रह्मचारी जी महाराज वृंदावन ने हरी की इच्छा से असाटी समाज द्वारा संस्कार भवन में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिवस सोमवार को श्रीमद्भागवत महापुराण के माध्यम से सृष्टि के विस्तार, ब्रह्मा जी की उत्पत्ति, वाराह एवं कपिल अवतार की कथा कहते हुए सती एवं ध्रुव चरित्र पर विशेष प्रकाश डाला. आपने श्री कपिल जी के अवतार की कथा कहते हुए कहा कि माता देवहुति को कपिल जी ने आत्म धर्म की बात कहते हुए कहा- कि हे माता मेरी (भगवान् की) भक्ति करने से प्राणियों को सर्व सिद्धि प्राप्त हो सकती है. परन्तु वह माया अर्थात मैं और मेरा एवं तू और तेरा के दुराग्रह में अपने कर्तव्य को भूल, देव दुर्लभ मनुष्य जन्म को राग-द्वेष के कारण व्यर्थ में खो देता है। आपने कहा श्री कपिलदेव जी बोले हे माता जो मेरा निकाम निर्गुण भक्त होता है, वह त्रिभुवन के कोई भी भोग पदार्थ नहीं चाहता। यहाँ तक कि मेरी प्रेम भक्ति को छोड़कर मेरे द्वारा उसे पांच प्रकार के मोक्ष सालोक्य, ऐश्वर्य, सारूप्य, सामीप्य और सायुज्य देने पर भी ग्रहण नहीं करता। उन्होने कहा कि श्रीकृष्ण सेवा करना ही जीव का स्वरूप धर्म है।